हरिभूमि

# शौर्य भूमि

5

जबलपुर, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

login : www.haribhoomi.com

मंडला | अंजनिया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

**खबर संक्षेप**

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में नैनपुर का नाम किया रोशन



**नैनपुर।** उज्जैन में हो रही राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जो की दिनांक 23 से 25 तक चली इस कुस्ती प्रतियोगिता में हमारे नैनपुर के पहलवान दानिश भलावी पिता लक्ष्मी प्रसाद भलावी ने 65 किलोग्राम कुश्ती मे रजत पदक हासिल किया और हमारे नैनपुर ब्लॉक ग्राम खिरसारू से मंगला उइके पिता बलवीर सिंह उइके 36 किलोग्राम मे कांस्य पदक हासिल किया इन दोनो पहलवानों ने नैनपुर का नाम एवं अपने जिला का नाम रोशन किया है और कोच बलबीर सिंह उइके ओर टीम मैनेजर राहुल पहलवान ने अपनी भूमिका निभाई नगर के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## वीर बल दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**मण्डला।** किशोर न्याय एवं बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम के तहत संचालित आदर्श बालगृह (बालक) लालीपुर मण्डला में सिक्खों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह के बेटों की वीरता और बलिदान की याद में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियां निबंध, चित्रकला, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण, स्वच्छता, लघु फिल्म एवं प्रधानमंत्री के द्वारा भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम लाईव प्रसारण सभी बालकों को दिखाया गया।

## सहायक यंत्री पर ठेकेदारों से वसूली का लगा आरोप


# जनपद ने पारित किया स्थानांतरण का प्रस्ताव

*** तकनीकि लागत रिपोर्ट में किया बड़ा फेर बदल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



पंचायत स्तर पर निर्माण कार्यो में होने वाले भ्रष्टाचार के लिये यदि कोई सबसे बड़ा दोषी है तो वह तकनीकि अधिकारी होता है क्योंकि उसी की रिपोर्ट पर शासन द्वारा राशि स्वीकृत होती है और इस्टीमेट के अनुसार यदि कार्य नहीं हुआ तो उसकी रिपोर्ट भी शासन तक पहुंचाने के जिम्मेदार भी यही अधिकारी होते हैं। अब इन्हीं अधिकारियों के द्वारा लागत राशि और भुगतान राशि में फेर बदल कर यदि ठेकेदार को फायदा पहुंचाने का कार्य किया जाये तो यह सीधे-सीधे शासन के साथ धोखाधड़ी साबित होगी और यह सब आज से नही वर्षो से होता आ रहा है क्योंकि इन्हीं की रिपोर्ट से टीएस जारी होता है और इन्हीं की रिपोर्ट पर सीसी जारी की जाती है। इस तरह के अधिकारियों पर शासकीय निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों से वसूली के आरोप भी शुरू हो गए है। ऐसे में शासकीय निर्माण कार्य कहां तक गुणवत्तायुक्त होंगे। यदि सरकारी तंत्र ही इस भ्रष्टाचार को खत्म करने की पहल नहीं करेंगे तो उसमें शामिल लोग कैसे इससे अछूते होंगे। हम बात कर रहे है वि का स खं ड बीजाडांडी की, जहां एक सहायक यंत्री मनरेगा सुमित शुक्ला द्वारा लगातार ठेकेदारों से बड़ी रकम वसूली के गंभीर आरोप लगाए गए है।



जानकारी अनुसार जनपद पंचायत बीजाडांडी सामान्य सभा की बैठक में विगत दिवस 22 दिसम्बर को सदन के द्वारा सर्व सम्मति से सहायक यंत्री सुमित शुक्ला के कार्य के लिए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बताया गया कि सहायक यंत्री मनरेगा सुमित शुक्ला द्वारा लगातार ठेकदारों से बड़ी रकम वसूली की जाती है और तकनीकी रिपोर्ट लागत में बड़ी फेर बदल कर ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए पंचायतों पर दबाव बना कर प्रस्ताव लिया जाता है। निर्माण कार्य का काम पंचायतों को न देकर ठेकेदारों के माध्यम से कराया जाता है।

जनपद की टीम द्वारा लगातार समझाने के बाद भी डेढ़ साल में सहायक यंत्री के कार्य व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। जनप्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों को आपस में लड़वाने का काम सहायक यंत्री मनरेगा सुमित शुक्ला द्वारा किया जा रहा है। बता दे कि सर्व सदस्यगणों की सहमति से जनपद क्षेत्र में मनरेगा द्वारा पक्के निर्माण कार्यो की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था। प्रस्ताव से संबंधित सभी सदस्यों के द्वारा निर्माण कार्य की ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के साथ में जनपद अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद सहायक यंत्री सुमित शुक्ला के समक्ष प्रस्तुत की गई थी लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### सामग्री और मजदूरी की राशि में फेर बदल

बताया गया कि ग्राम पंचायत पाठा चौरई के पोषक ग्राम जमुनिया के अमृत सरोवर तलाब निर्माण की स्वीकृति राशि लगभग 49.00 लाख रुपए की आरईएस द्वारा स्वीकृति की गई। जिसमें जिला पंचायत सामान्य सभा बैठक के द्वारा जनपद अध्यक्ष को दिए गए बुकलेट अनुसार स्वीकृत राशि से सामग्री का भुगतान लगभग 21 लाख रुपए एवं मजदूरी का भुगतान लगभग 27 लाख रुपये दर्शाय गया है, लेकिन सहायक यंत्री द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाते हुए मजदूरी की राशि लगभग 18 लाख एवं सामग्री की राशि लगभग 30 लाख रूपए किया गया है।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

जनपद पंचायत बीजाडांडी के द्वारा मनरेगा अंतर्गत पक्के कार्यों की स्वीकृति की टीएस रिपोर्ट में पंचायतों को दबाव बनाकर ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में कुछ पंचायत के अलग अलग तकनीकी प्रतिवेदन एवं जहां पर ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा है, उनके तकनीकी प्रतिवेदन भिन्न हैं। लगातार ग्राम पंचायतों द्वारा शिकायत करने के बाद भी इनके कार्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है। सभी कार्यों की उच्चस्तरीय जांच 15 दिवस के अंदर की करने की मांग एवं जांच रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग की है।

### *इनका कहना है:-*

*उक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए, सहायक यंत्री श्री शुक्ला का स्थानांतरण अन्यत्र किये जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है, यदि स्थानांतरण नहीं किया जाता है तो जनपद सदस्यगणों को आंदोलित होने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।*

***-राजेन्द्र पुट्टा, सदस्य, जनपद पंचायत बीजाडांडी***

# हितग्राहीमूलक योजनाओं में सकारात्मक रूख अपनाएं बैंकर्स

**डीएलसीसी की बैठक में प्रभारी कलेक्टर के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



डीएलसीसी की बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरणों में बैंकर्स सकारात्मक रूख अपनाते हुए उन्हें नियमानुसार स्वीकृति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के तहत प्राप्त प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करते हुए उनमें ऋण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों के अधिकारी प्रकरणों का लगातार फॉलोअप करें तथा आवश्यकतानुसार दस्तावेजीकरण में सहयोग प्रदान करें। जो प्रकरण निरस्त हुए हैं उनकी पुनः जांच करें। बैठक में रिजर्व बैंक के एलडीओ सरवन शिवन, एलडीएम सुजय कुमार, प्रबंधक नाबार्ड देवव्रत पाल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

श्री कूमट ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकर्स सक्रिय सहभागिता करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करें। योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत लंबित प्रकरणों का 31 दिसंबर तक निराकरण सुनिश्चित करें। स्वीकृति के साथ ही राशि वितरण की कार्यवाही करें। जो हितग्राही 20 हजार तथा 50 हजार के लिए पात्र हो चुके हैं उनके प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें। उन्होंने आचार्य विद्यासागर, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम, उद्यम क्रांति योजना, बिरसामुंडा स्वरोजगार योजना, टंटया मामा आर्थिक कल्याण, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने बैंकवार जमा एवं अग्रिम अनुपात पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन बैंकों का सीडी रेशियो जिले के अनुपात से कम है वे प्रगति लाएं। साथ ही सीडी रेशियो बढ़ाएं।

### हर परिवार को केसीसी से जोड़ें

प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने कहा कि प्रत्येक परिवार को पात्रतानुसार केसीसी से जोड़ने का प्रयास करें। प्रत्येक किसान, मछुआरे तथा पशुपालकों के पात्रतानुसार केसीसी बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंक शाखावार लंबित केसीसी प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम में वितरण की गति बढ़ाएं। कृषि ऋण को प्रोत्साहित करें।



# भागीरथ सेवा विकास परिवार ने किया अजेय मण्डला पत्रिका का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 27/12/2023 को मण्डला गौंडी पब्लिक ट्रस्ट रपटा घाट हुआ कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िले व नगर के समिति के सदस्यों समेत अन्य नागरिकगण भी उपस्थित रहे। संयोजक संतोष कुमार मरावी ने बताया कि बीएसवीपी द्वारा समय समय पर सामाज में रचनात्मक कार्यों के साथ पत्रिका प्रकाशन भी होता है यह अजेय मंडला पत्रिका का तीसरा संस्करण है पत्रिका में सामाज जागरण के लिए कुछ महत्वपूर्ण लेख संग्रह किया गया जिसमें प्रमुख विषय हमारा बैगा जनजाति संस्कृति सिकल सेल एनीमिया हमारे यहां आयुर्वेद परंपरागत औषधि का महत्व, मण्डला की क्रांतिकारी प्रतिमाओं को सुरक्षित करना, पलायन कब रुकेगा, आजादी के अमृत काल में श्रीराम मंदिर निर्माण, चंद्रायन 3, रक्तदान क्यों आवश्यक है, सिकल सेल एनीमिया मरीजों की अपनी पीड़ा एवं कुछ महानुभावों के जीवन से जुड़ी उनके जीवन पर लेख ऐसे सामाज के जनजागरण हेतु अनेक सामाजिक विषयों को सामिल किया गया संयोजक संतोष कुमार मरावी ने आगे कहा की यह अजेय मंडला पत्रिका में संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार वंशकार ने अपनी भूमिका निभाई और उन्हें यह सब संकलन में लगभग 45 दिन लग गए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व वरिष्ठ प्रचारक विनायक ताम्बे जनपद अध्यक्ष मण्डला संतोष सोनू भल्लावी बीएसवीपी संरक्षिका श्रीमती प्रिया धुर्वे संरक्षक डॉ रविन्द्र प्रताप सिंह नंदराम बैगा विनय कुमार ठाकुर अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। बीएस वीपी सचिव शीतल कुमार कछवाहा द्वारा आगामी कार्यक्रम पर समिति के सदस्यों चर्चा की इस अवसर समिति के सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी।

# स्काई ब्लू और वॉय.एफ.सी. रेड ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रिंस स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित 51 वें प्रिंस कप 20-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार का मैच सुपर वररियर्स और स्काई ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें सुपर वररियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर वररियर्स ने निर्धारित 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर पर 105 रन बनाये, जिसमें सुपर वररियर्स की ओर से बल्लेबाजी में विंध्याचल ने सर्वाधिक 22 रन मनोज ने 21 रन और किशोर ने 20 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। स्काई ब्लू की ओर से गेंदबाजी में विवेक और अमन ने 3-3 विकेट, दुर्गेश ने 2 विकेट और विवेक ने 01 विकेट लेने में सफलता अर्जित की।

106 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काई ब्लू की शुरुआत अच्छी रही। इसके बाद बीच में स्काई ब्लू की पारी लडख़ड़ा गई लेकिन एक छोर को बिट्टू ने संभाले रखा और मैच के अंत में जाकर स्काई ब्लू ने इस मैच को 2 विकेटों जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। स्काई ब्लू की ओर से बल्लेबाजी में बिट्टू ने 24 रन और विवेक ने 12 रनो का योगदान दिया। सुपर वररियर्स की ओर से गेंदबाजी में हार्दिक और मनोज ने 2-2 विकेट जिनेश मुकेश और प्यारे ने 1-1 सफलता अर्जित किये। स्काई ब्लू ने इस मैच को 2 विकेटों से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस मुकाबले के निर्णायक जीतेन्द्र मिश्रा और अमन चिचाम, स्कोरर अनमोल मिश्रा रहे।

बुधवार को दूसरा मुकाबला एमएम मधुपुरी और वॉयएफसी रेड के बीच खेला गया। जिसमे वॉयएफसी रेड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉयएफसी रेड ने निर्धारित 18-18 ओवरो के इस मुकाबले में 6 विकेट खोकर 184 रन बनाये और लक्ष्य के लिए 185 रनो की चुनौती रखी। वॉयएफसी रेड की ओर से बल्लेबाजी में अनुज परमार ने 49 रन कप्तान सत्यम बर्मन ने नाबाद 47 रन अमित यादव ने 32 रन एवं मिहिर जैन ने 20 रनो की पारी खेली। एमएम मधुपुरी की ओर से गेंदबाजी में घनश्याम ने 2 विकेट एवं सौरभ और सनी ने 1-1 सफलता अर्जित की।

185 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएम मधुपुरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही एवं पूरी टीम 52 रनो के योग में ही सस्ते में ढेर हो गई। एमएम मधुपुरी की ओर से रोशन और सौरभ ही ऐसे बल्लेबाज थे, जिन्होंने दाहाई के आंखडो को छुआ रोशन ने 14 रन और सौरभ ने 12 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। वॉयएफसी रेड की ओर से गेंदबाजी में अनुराग पांडेय और एरिक चौहान ने 3-3 विकेट एवं ललित तिवारी अनुज परमार और सत्यम बर्मन ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मैच को वॉयएफसी रेड ने आसानी से 132 रनो से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। आज गुरुवार का पहला मुकाबला ड्रीम इलेवन प्रिंस और मेगा स्टार के बीच खेला जायेगा और गुरुवार का दूसरा मुकाबला दोपहर में मेकल स्पोर्ट्स क्लब और डोमिनेटर मंडला के बीच खेला जायेगा।

**निरीक्षण** | **परेड की सलामी लेकर किया गया परेड का निरीक्षण**

# पुलिस महानिरीक्षक द्वारा किया गया वार्षिक निरीक्षण

*** दिये गये महत्वपूर्ण निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ जिलों का भ्रमण कर वार्षिक निरीक्षण किया जाता है जिसके तारतम्य में दिनांक 26 एवं 27/12/2023 को दो दिवसीय जिले का वार्षिक निरीक्षण पुलिस महानिरीक्षक, बालाघाट जोन बालाघाट संजय कुमार (भापुसे) द्वारा किया गया।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिला पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया गया, कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारियों के संधारण पंजियों की जांच कर उनसे अपने कर्तव्यों से जुड़े प्रश्न किये गये जिनके संतोषजनक उत्तर मिलने पर प्रोत्साहित करते हुये अपनी सर्वोच्च कार्यकुशलता का परिचय देकर निष्ठा से कार्य करने हेतु उचित दिशानिर्देश भी दिये गये। कार्यालय के निरीक्षण के पश्चात लाईन परिसर, पुलिस वेलफेयर कैंटीन, ड्रोन संचालन एवं पुलिस लाईन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर थाना कोतवाली पहुँच थाने का निरीक्षण कर अपराध निकाल एवं थाना एवं परिसर की साफ-सफाई, रिकार्ड के संधारण व व्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी हेतु सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याएं सुनी जाकर शीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। पुलिस लाइन स्थित सभागार भवन में समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों के साथ पुलिस बैठक आयोजित की गई जहां पर सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया जाकर शीघ्रता से अपराधों/शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र मंडला के पुलिस परेड ग्राउण्ड पर जिले के पुलिस बल द्वारा की गई उन्नत परेड एवं पुलिस बैंण्ड द्वारा दी गई प्रस्तुति की प्रशंसा की गई वही उनके टर्नआउट पर जहां कई लोगों की सराहना की वहीं कुछ कर्मचारियें को समझाईश भी दी गई। वाहनों के निरीक्षण के दौरान समस्त चालकों को उनके द्वारा किये जा रहे वाहनों के उचित रखरखाव हेतु प्रशंसा करते हुए उचित इनाम दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना बिछिया का भी भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार रक्षित आरक्षी केन्द्र मंडला में पूर्व से संचालित ई-लर्निंग सेंटर का का निरीक्षण किया गया।

वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अमित वर्मा, सभी अनुविभागित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, सूबेदार थानों से आए पुलिस बल सहित पुलिस लाइन व कार्यालय का बल मौजूद रहा।




## कार्यालय नगरपालिका परिषद मण्डला (म.प्र.)

Tele-07642-250705 E-mail-cmo.mandia.mpurban@gmail.com Web site- Nagarpalikamandla.mp-np.in

क्रमांक/रा.शा./2023/2659 — मण्डला, दिनांक 27/12/2023

**नीलामी निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद मण्डला द्वारा 07 व्यावसायिक दुकानों का राईट-ऑफ आक्यूपेशन आधार पर दुकानों के आवंटन हेतु सील बंद निविदा दिनांक 12/01/2024 को समय दोपहर 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 12/01/2024 को समय दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाकार एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेंगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिनांक 12/01/2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालयीन समय पर अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट/डीडी/बैंकर्स चैक के माध्यम से जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र. | स्थान | दुकान क्रमांक | साईज वर्ग मीटर में | आरक्षण वर्ग | आरक्षित मूल्य | प्रतिभूति निक्षेप (अमानत राशि) | लीज अवधि | वार्षिक (भू-भाटक) किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शास्त्री मार्केट के प्रथम तल पर निर्मित | 07, 10, 19, 20, 26 | 3.00x4.13 | अनारक्षित | ₹ 11,88,673 | ₹ 1,18,900 | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आफर का 2% |
| 2 | ज्ञानदीप स्कूल के सामने प्रथम तल पर निर्मित | 06 | 3.00x5.20 | अनुसूचित जनजाति पुरूष वर्ग | ₹ 16,04,200 | ₹ 1,60,400 | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आफर का 2% |
| 3 | तहसील बंगला के बाजू में प्रथम तल | 07 | 3.07x6.13 | अनारक्षित | ₹ 16,20,300 | ₹ 1,62,100 | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आफर का 2% |

नोट:- 1. दुकान निविदा संबंधी नियम व शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर एवं राजस्व शाखा न०पा० में कार्यालयीन समय व दिवस में देखी जा सकती हैं एवं निविदा प्रपत्र राशि ₹ 2,000 जमा कर प्राप्त कर सकते है। 2. इच्छुक व्यक्ति द्वारा आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र में संलग्न करना होगा। 3. नगरपालिका के किसी भी प्रकार के बकायादारों को निविदा प्रपत्र प्रदान नहीं किया जावेगा। 4. नीलामी निविदा में दुकानों के लिये पर्याप्त प्रतिस्पर्धा हेतु न्यूनतम तीन निविदा ही मान्य की जावेगी। एक या दो निविदा होने पर प्राप्त निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

(विनोद कछवाहा) अध्यक्ष न.पा. परिषद मण्डला

(अखिलेश कछवाहा) उपाध्यक्ष न.पा. परिषद मण्डला

(सुधीर मिश्रा) प्रभारी सदस्य राजस्व वित्त एवं लेखा विभाग

(गजानन नाफडे) मुख्य नगरपालिक अधिकारी न.पा. परिषद मण्डला

खबर संक्षेप

## बीएसी ने किया शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** जनपद सांईखेडा के अंतर्गत आने वाले जन शिक्षा केन्द्र के बीएसी संदीप स्थापक ने बीते हुये दिवस अचानक पहुंचकर ग्राम बम्होरी कला एवं भौंरगढ़ की शासकीय शालाओ का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भौंरगढ़ में सहभागिता भी की गई। वही दूसरी ओर उन्होंने निरीक्षण में अर्ध वार्षिक परीक्षा संचालन से जुड़ी जानकारी लेने के बाद जल्द कॉपियों को जांचकर परिणाम तैयार करने के निर्देश दिए गये। इस दौरान उन्होंने एफएलएन पढ़ाई से जुड़ी जानकारी लेते हुए वर्कबुको को नियमित रूप से जाँचने की बात पर जोर दिया गया । बताया जाता है कि इस अवसर पर शिक्षको एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## पुरानी धरोहर को पंचायत द्वारा किया जा रहा नजर अंदाज

**सांईखेडा।** अक्सर देखा जाता था कि गांवों में स्थिति कुंआ व तालवों को लोगों द्वारा निमान मानते हुए सिर्फ उनका उपयोग ही नही बल्कि भगवान का स्वरूप देते हुए पूजन भी की जाती थी? और आज जिन गांवों में यह धरोहर स्थापित है उसे लोग उपयोग करते हुए आज भी उसे भाव से पूज रहे है? मगर वही दूसरी ओर कुछ गांवों में इस प्रकार का हाल देखा जा रहा है कि पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा इन पुरानी धरोहरों को नजर अदांज कर दिया गया है जिसके चलते वह बदहाली की स्थिति में पहुंच गई है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी मिढवानी में देख्नने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि वर्षो पुरानी शासकीय कुआ का लोगों द्वारा कुछ हद तक आज भी उपयोग किया जाता है, मगर पंचयात की उदासीनत के चलते यह कुआ लगातार बदहाली का शिकार होता जा रह है? इस कुआ के सुधार हेतु पंचायत द्वारा आज तक कोई पहल नही की गई जिसका परिणाम है कि जहां कुंआ में भरा हुआ पानी खराब हो चुका है, वही जहां तहां कचरे के अम्बार लगे होने से लोग परेशान हो रहे है।

## बस स्टेन्ड में अतिक्रमण से बन जाती है जाम की स्थिति

**गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभय दान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और नही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है? क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है। जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आसपास हुये अतिक्रमण का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है, जिसके चलते बताया जाता है कि उनके पास पट्टा है? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या नाली के ऊपर निर्माण करने के लिए पट्टा प्रदान किया जा सकता है जो जांच का विषय बना हुआ है?

### मध्य प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री बने राजनीति के अपराजेय योद्धा उदय प्रताप सिंह का

# सालीचौका प्रथम आगमन पर होगा भव्य स्वागत

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**







मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा में भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेते हुये जिस तरह से राव उदय प्रताप सिंह न गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र से एक नया इतिहास रचा गया है वह इस क्षेत्र के लिये स्वर्णिम अक्षरों में लिखने से नही चूक पायेगा। क्योंकि राव उदय प्रातप सिंह के रूप में गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के इतिहास में पहली बार केबिनेट मंत्री बनने वाले विधायक होगे..। इस तरह म.प्र. शासन में केबिनेट मंत्री बनने के बाद उनका क्षेत्र में आज पहले बार आगमन होने के चलते कार्यकर्ताओं द्वारा सालीचौका में भव्य स्वागत की तैयारियाँ करते हुये उनके आने के इंतजार में अपनी पलके बिछाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि बीते हुये 15 सालों में क्षेत्र से सांसद के रूप में अपने कार्यकर्ताओं से लेकर आम जन के प्रति राव उदय प्रताप का जो स्नेह रहा है उसका परिणाम अब देखने मिल रहा है कि क्षेत्रवासी अब उनका मंत्री के रूप में देखते हुये स्वागत करने के लिये आतुर नजर आने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड 58 हजार मतों से निर्वाचित विधायक व पूर्व नर्मदापुरम सांसद उदय प्रताप सिंह का राजनैतिक सफर बेदाग, निर्विवाद व अपराजेय रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच सदैव सहज भाव से सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाले राव उदय प्रताप सिंह को उनके संघर्षपूर्ण राजनैतिक जीवन में जनता का भरपूर साथ व आशीर्वाद मिला। मप्र के नर्मदांचल के कृषि समृद्ध व उन्नत नरसिंहपुर जिले के प्रगतिशील कृषक व सुप्रतिष्ठित राव परिवार के सदस्य दयप्रताप सिंह नर्मदापुरम/होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से तीन बार सांसद रहे हैं व दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने के बाद अब केबिनेट मंत्री के रूप में जनता की सेवा के लिये तत्पर है।

ज्ञात हो कि राव ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने का कीर्तिमान रचा था और इसी के चलते उनका नाम पूरे देश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले सांसदों की टॉप 10 सूची में भी शामिल रहा है। अपनी छात्र राजनीति से सार्वजनिकता में सक्रिय रहे और 59 वर्षीय राव का राजनीतिक सफर नरसिंहपुर जिले के सफलतम चांवरपाठा जनपद के युवा अध्यक्ष के रूप में वर्ष 1994 में प्रारंभ हुआ, जिसमें राव उदय प्रताप सिंह ने बेरोजगार युवाओं की चिंता की व ग्रामीणजनों की मूलभूत सुविधाओं, विकास के उल्लेखनीय कार्य किये। वर्ष 2007 में नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा विधानसभा सीट से पहली बार कांग्रेस पार्टी से विधायक निर्वाचित हुए और इसके उपरांत राव वर्ष 2009 में होशंगाबाद वर्तमान नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़े और पहली बार कांग्रेस से सांसद बने और उनकी विजय यात्रा निर्बाध रही और वे लगातार वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा से लोकसभा का लगभग 6 लाख मतों से ऐतिहासिक चुनाव जीते और अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया। हाल ही में संपन्न हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से संघर्ष पूर्ण माने जाने वाले चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर राव ने अपनी विजय यात्रा में एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया और नरसिंहपुर जिला सहित संपूर्ण महाकौशल क्षेत्र में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। आमजनों व कार्यकर्ताओं के बीच सहज रहने वाले राव उदय प्रताप सिंह ने अपने चुनावी कौशल के लिए क्षेत्र भर में सदैव चर्चित रहे हैं।सांसद के रूप मैं अपने उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए उन्हें पार्टी नेतृत्व ने महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रमुख वक्ता के रूप में नामित कर एवं कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एशोसियेशन (सीपीए) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में भारत देश की ओर से प्रतिनिधि नामांकित कर गौरवपूर्ण अवसर प्रदान किया। बतौर सांसद राव उदय प्रताप सिंह को लोकसभा की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी स्थाई समिति, रेल विभाग की परामर्श दात्री समिति, भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग एवं परमाणु ऊर्जा विभाग की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। संसदीय क्षेत्र के विकास से लेकर देश में कानून बनाए जाने पर अपनी बात संपूर्ण ताकत के साथ सदन के समक्ष रखे जाने के साथ साथ उन्होंने नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के 98 फीसदी ग्रामों तक पहुंचकर संपूर्ण सक्रियता के साथ अपने जनप्रतिनिधि होने के दायित्व का निर्वहन किया। सांसद कार्यालय में लोगों की समस्याओं का शालीनता, तत्परता व संवेदनशीलता से निराकरण करने वाले सांसद राव उदय प्रताप के कार्यालय में प्रति रविवार सैंकड़ों की तादाद में क्षेत्र के लोग एकत्र रहे हैं, जो क्षेत्रवासियों में उनकी लोक प्रियता व विश्वसनीयता का प्रमाण है। राव उदय प्रताप सिंह को मप्र सरकार के मंत्री के रूप में चयनित किए जाने पर क्षेत्र की जनता हर्ष देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर आज उनके अपनी विधान सभा क्षेत्र में प्रथम आगमन को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत की तैयारिया की गई है। बताया जाता है कि गाडरवारा क्षेत्र के लाडले विधायक व म.प्र. शासन में केबिनेट मंत्री बनने के बाद आज सालीचौका सहित क्षेत्र में प्रथम आगमन हो रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह आज सुबह 11 बजे गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र की सीमा में प्रवेश करते हुये झिकोली घाट पर माँ नर्मदा जी का पूजन करेंगे। वही 11.30 बजे सांईखेडा पहुंचकर दादा धूनी वालों के मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन उपरांत नागरिको का अभिनंदन तथा आभार सभा को संबोधित करेगे। वही दोपहर 1.30 बजे नगर सालीचौका पहुंचेगे जहां पर भाजपा नेता व विधान सभा संयोजक राजीव राय व नगर परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष जितेन्द्र राय व जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, सीताराम चौकसे पूर्व सरपंच मारेगांव, भरत पटैल मंडल महामंत्री किसान मोर्चा, गजराज रूहेला, कैलास सिलावट, पराग तिवारी, मयंक तिवारी के आलवा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं व नगरवासियों द्वारा नव नियुक्त केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत किया जावेगा। इस दौरान वह सालीचौका वासियों द्वारा विधान सभा चुनाव के दौरान दिये वह अपने स्नेह के चलते उनका नागरिक अभिनंदन सहित आभार सभा को संबोधित करेगे। वही दोपहर 3.30 बजे पीतल नगरी चीचली पहुंचेगे जहां पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया सहित क्षेत्र के भाजपा नेताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जावेगा। क्षेत्र के लाडले विधायक राव उदय प्रताप के केबिनेट मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर जहां क्षेत्रवासियों द्वारा उनका स्वागत व सम्मान किया जावेगा तो दूसरी ओर राव उदय प्रताप सिंह द्वारा भी क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया जावेगा। वही शाम 7 बजे राव उदय प्रताप सिंह गाडरवारा पहुंचेगे जहां पर पुरानी गल्ला मंडी में आभार सभा को संबोधित करेगे। इस तरह राव उदय प्रताप सिंह के केबिनेट मंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन के चलते सालीचौका, चीचली नगर की गलियों को बेनर पोस्टरों से नई दुल्हन की तरह सजाया गया है।

## शुद्व के लिये युद्व पर सबाल खड़े कर रही है दूध में मिलावट की अनदेखी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जहां प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बीते हुये वर्ष यानि की प्रदेश के मुखिया द्वारा मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है। मगर देखा जा रहा है कि जिस तरह दूध में मिलावट का धंधा चल रहा है और उसकी अधिकारियों द्वार की जा रही अनदेखी निश्चित तौर से शुद्व के लिये योद्व पर सबाल खडे करने से नही चूक रही है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय नगर में देखा जावे तो बाहर से आने वाले दूध विक्रय करने वालो की जांच न होने से मिलावटी दूध की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है? दूध में पानी की मात्रा का प्रतिशत चल रहे शादियों के सीजन से मांग और खपत में अंतर आने के कारण दिनों दिन बढ़ती जा रही है? वही दूध में पौष्टिक पदार्थ की मात्रा मिलावट के कारण घटती जा रही है। इस प्रकार से दूध मे मिलावट होने से आम जनों को परेशानी एवं चिंता बनती चली जा रही है। क्योंकि बच्चो को मिलावटी दूध देने से बीमारी का खतरा बन रहा है? किंतु संबंधित विभाग अधिकारियों को शयद इस बात की कोई चिंता नही रहती है, जिसके कारण दूध विक्रेता शासन प्रशासन के नियम कानून कायदो को ताक में रख अपनी मन मर्जी के अनुसार मिलावटी दूध का कारोबार धडल्ले से करते हुये देखे जा रहे है तथा नगर में लोगों को दूध के नाम सफेद पानी खरीदना पड़ रहा है? वैसे तो नगर में गिनती की डेरी है, किंतु बाहर से



आने वाला दूध गली मोहल्लो में साइकिलो से बेचने वालों की एक लंबी कतार रहती है। जिनका दूध बेचने को कोई भाव नही रहता, इसी तरह सैकड़ो लीटर दूध गांवो से आता है, जिनकी कभी भी किसी तरह जांच नही होती है। इसी के चलते मिलावटी दूध विक्रेताओं के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। वही आम नागरिको के स्वास्थ्य के साथ दूध बेचने वाले एवं इनके निरीक्षण करने वालो द्वारा की जा रही अनदेखी के चलते खिलबाड़ होने से नही चूक रही है। इसी के चलते आमजन द्वार संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि दूध के नाम पर नगर में जो खुले आम पानी अन्य प्रकार की मिलावट करते हुये बेचा जा रहा है उसकी जांच करते हुये मिलावटर खोरों के खिलाफ कार्यवाही की जावे।।

## मण्डी एवं नगर पालिका काम्प्लेक्स दुकानदारों पर लाखों रूपया बकाया, अनेक दुकाने चल रही किरायदार टू किरायदार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी द्वारा अपनी राजस्व आय बढ़ाने शापिंग काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण कराया गया था,लेकिन जिसमें कृषि उपज मण्डी द्वारा 152 दुकानों का निर्माण कराया गया था तथा नगर पालिका द्वारा संजय गांधी मार्केट में 13 दुकाने, गांधी मार्केट में 11 दुकाने व इंदिरा शापिंग काम्प्लेक्स में 64 दुकाने तथा कामथ काम्प्लेक्स में 24 दुकाने, पं. दीनदयाल बस स्टैण्ड में 10 दुकाने, चीचली रोड पर स्थित काम्प्लेक्स में 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें से इन शापिंग दुकानों में से 126 दुकाने नगर पालिका द्वारा किराये से दी गयी। मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों को अपनी जुगाडू व्यवस्था के चलते किराय से लेकर अन्य दूसरे को किराय पर दे रखी है,



जिनका किराया विगत लम्बे समय से न तो मंडी कार्यालय में जमा हो रहा है ओर न ही नपा में जिसके कारण इस समय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन को दुकानदारों से 30 लाख रूपया से ऊपर तथा नगर पालिका प्रशासन को कई लाख रूपया से ऊपर की राशि इन दुकानदारों से किराय के रूप में लेना बाकी निकल रहा है? बताया जाता है कि इन दुकानदारों में कुछ दुकानदारो की स्थिति तो कुछ इस प्रकार से बताई जाती है कि जिनका किराया लाख रूपया से ऊपर है, वही मंडी एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा बकाया किराया वाले दुकानदारों पर नियमानुसार नोटिस देकर दुकान खाली कराने का अधिकार होने के साथ साथ किसी शासकीय संपत्ति के संबंध में बताया जाता है कि जो व्यक्ति यदि किराय से लेता है तो उसका उपयोग वही करता है किरायदार को किराय से देने का अधिकार नही होता है मगर इसके बाद भी अनेक दुकान नियाम के खिलाफ किरायदार से किरायदार के रूप में चल रही है, लेकिन आज तक ऐसी कोई कार्यवाही मंडी एवं नगर पालिकस प्रशासन द्वारा की नही गयी, हालांकि मंडी एवं नगर पालिका वसूली अधिकारी का कहना है कि हम बकायादारों से राशि जमा करने की बात कहते रहते है, बहरहाल मंडी एवं नगर पालिका शापिंग काम्प्लेक्स से लाखों रूपयो की बकाया राशि बसूल न किया जाना नगर पालिका एवं मंडी प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।

## योजनाओं से वंचित है कृषक, अधिकारी नहीं देते है ध्यान?

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** वैसे देखा जावे तो सरकारों ने कृषकों के लिए अनेक लाभ कारी योजानायें तैयार की है और कृषकों के हित ओर संरक्षण का दावा समय समय पर किया जाता है, लेकिन यह एक सोचनीय पहेलू है कि इन योजनाओ का लाभ कृषको तक कैसे पहुंचता है? ऐसा लगता है कि कृषको के हित संरक्षण हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता बढ़ती जा रही? ज्ञातव्य है कि सरकार ने कृषको की सहायता मार्ग दर्शन तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए उन्नत तकनीको से अवगत कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग बनाया है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में कृषकों को विभाग द्वारा जानकारी सुलभ नही कराई जा रही है, जिससे समसमायिक जानकारी कृषकों को नही मिलती है, कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को नही मिल पा रहा है? जिससे उनकी



कृषि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, क्षेत्र के कुछ रोषित कृषको ने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ साधन सम्पन्न कृषकों को दिया जाता है, जिससे गरीब कृषक शासन की योजनाओं से वंचित रह जातें है, पूर्व में भी अनेको बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियो को ध्यान कृषि विभाग के अधिकारियों की मनमानी कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित किया गया था, जिस पर कुछ दिन तो विभागीय अधिकारी चोकन्ने हुए, किन्तु धीरे धीरे पुनः उसी चाल में आ गये है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आकाशवाणी केन्द्रों से ग्राम सभा कार्यक्रम में कृषि से संबंधित जानकारिया ग्रामीणजनो को दी जा रही है, जिसमें इन जानकारियों में सिंचित गेंहू की अधिक पैदावार लेने से गुड, फसल बीमा, जैविक फसल व रबी फसलो का कीटों से बचाव गोबर गैस आदि विषयों की सूक्ष्म जानकारी दी जाती है, वही दूसरी ओर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की नियुक्ति ग्रामीण कृषि विस्तार अंचलों में हुई है, परंतु यदि गणना की जाये तो पता चलता है कि अधिकतर अधिकारी अपने मुख्यालय को छोड़ समीपस्थ कस्बो व नगरों में निवास कर रहे है, जिससे विभागीय अधिकारी भी परिचित है पर बिल्ली के गले में घंडी कौन बांधें?





















**खबर संक्षेप**

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा थाना क्षेत्र ग्राम रनगांव में अज्ञात कारणों के चलते रस्सी से फांसी लगाकर की आत्महत्या की इस मामले को लेकर शहपुरा पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक अज्ञात कारण के चलते अधेड़ युवक ने घर के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली और अपने जीवन लीला समाप्त कर ली परिजनों की सूचना पर शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और शव को पीएम के लिए शहपुरा अस्पताल पहुंचाया शहपुरा पुलिस मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच कर रही है।

## कृषि यंत्रों के लिए, किसानों के ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** उप संचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चैरसिया ने बताया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के तहत कृषि यंत्र मल्टीक्राप थ्रेसर, पेडी थ्रेसर, रिवर्सिवल प्लाऊ बड़े यंत्रों हेतु इच्छुक किसान 27 दिसंबर दोपहर 12रू00 से 05 जनवरी 2024 तक ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

# गाडासरई पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर 3 चोरी की मोटरसाइकिल की जप्त

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** सुप्रीम कोर्ट एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा बिना हेलमेट, सीट बेल्ट धारण किये वाहन चालको के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया हैं, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग डिण्डौरी के के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडासरई निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार प्रतिदिन बिना हेलमेट, सीट बेल्ट धारण किये वाहन चालको के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही हैं, इसी तारतम्य में दिनांक 27 दिसम्बर को ग्राम कोसमडीह में वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल वाहन चालक बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते पाए जाने पर पूछताछ दौरान पता चला कि वह एच.एफ. डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सी.जी. 10 ए.एन. 0168 को ग्राम रूसा से चोरी की है एवं विक्रय के लिए लेकर जा रहा है जिस पर धारा 41(1-4) जाफौ एव 379 ताहि के तहत कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल सहित आरोपी केशव उर्फ चमरा



तिलगाम पिता बिसाहू सिंह तिलगाम जाति गोड उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कंण्डीकापा थाना करनपठार जिला अनुपपुर को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर गहनता से आरोपी से पूछताछ किया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया की ग्राम गीधा से चोरी की गयी एच.एफ. डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एम.पी. 52 एम.डी. 7964 एवं ग्राम रूसा से चोरी की गई बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सी.जी. 10 ए.एफ. 8246 को बरामद की गई है। ऐसे करीब 03 लाख कीमती की 03 मोटरसाइकिलो को आरोपी से जप्त की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडासरई निरी.दुर्गाप्रसाद नगपुरे, सउनि शेख आजाद, सउनि बालमुकुंद चैरसिया, सउनि अनिल उसराठे, सउनि संतोष रजक, प्रआर 81 हरनाम सिंह, प्रआर 298 पंकज सिंह, चाप्रआर0 206 शिध्दू मरावी, आर 352 आशीष लांजेवार, आर 318 देवेन्द्र पटले, आर 420 कल्याण, 388 सतेन्द्र उइके, आर 21 धनंजय, आर 417 राजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ब्लाक टीबी फोरम सह टास्क फोर्स ब्लाक शहपुरा एवं मेंहदवानी का गठन

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सभाकक्ष शहपुरा में बुधवार को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम व पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए ब्लॉक टीबी फोरम सह टास्क फोर्स ब्लॉक शहपुरा एवं ब्लॉक मेहंदवानी का गठन किया गया। इस अवसर पर शहपुरा बीएमओ डॉ सत्येंद्र परस्ते, मेंहदवानी बीएमओ डॉ चंद्रशेखर धुर्वे, जिला कार्यक्रम समन्वयक आनंद मोहारे ,डॉ चैन सिंह भवेदी एवं डॉ श्वेता जैन,सहयोगी संस्थाएं पिरामल फाउंडेशन एवं दीपक फाऊंडेशन की उपस्थिति में किया गया। बैठक में स्वास्थ्य



विभाग से एसटीएस सुशील गवले तथा एसटीएलएस सुधीर नामदेव, अधिवक्ता गजाधर साहू तथा पत्रकारगण उपस्थित थे । बैठक में टीबी उन्मूलन अभियान तथा उसके उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। आए हुए सभी सदस्यों ने निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने की जिम्मेदारी ली एवं मैदानी अमले से सहयोग की अपेक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी स्क्रीनिंग हेल्थ कैंप एवं पिरामल फाऊंडेशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## एक दिवसीय भव्य मातृशक्ति सम्मेलन को लेकर बैठक हुई संपन्न



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर के बाजार चैक में मातृशक्ति सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया बैठक के दौरान महिलाओं की सम्मेलन में चर्चा करते हुए कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई । दरअसल आज जीवन के हर क्षेत्र में नई अपनी प्रभावी भूमिका निभा रही है प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि समन्वय नारी की अद्भुत देन है जिसने समाज को जोड़ रखा है तमाम विचारों को लेकर विभिन्न आयामों पर चिंतन को लेकर एकदिवसीय भाव मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन आगामी 7 जनवरी 2024 को सरस्वती शिशु मंदिर डिंडोरी में आयोजित किया जाएगा जिसको लेकर बैठक आयोजित करते हुए कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई। रश्मि तिवारी राष्ट्र सेविका समिति की सेविका,अनुष्का बिलैया राष्ट्र सेविका समिति की नगर निधि प्रमुख,महक नामदेव दुर्गावाहिनी की जिला सयोंजिका,उषा गुलवानी रितु कक्षवाहा,रिया साहू ,रमा कछवाहा ,आनमिका गुप्ता,रानी,बैठक के दौरान भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## टीवी हारेगा देश जीतेगा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** बुधवार को शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में टीवी जागरूकता कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं पदाधिकारियों की एक बैठक बीएमओ सत्येंद्र परस्ते की अध्यक्षता में हुई। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम व पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए ब्लॉक टीबी फोरम सह टास्क फोर्स ब्लॉक शहपुरा एवं ब्लॉक मेहंदवानी का गठन किया गया द्य जिसमें टीबी हारेगा देश जीतेगा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान टीबी रोगियों को जागरूक करने, टीबी रोगियों की देय सुविधा एवं टीवी रोगियों को पोषण सहायक राशि संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सै जै सुशील गवले व सुधीर नामदेव ने टीबी का लक्षण बताया। बताया कि टीवी के जीवाणु हवा द्वारा फैलते है। फेफड़ों के टीबी बाले रोगी जब खांसते अथवा छींकते है तो रोग के जीवाणु छोटे कण के रूप में हवा में फैल जाती है। यदि कमरा हवादार न हो तो सांस द्वारा अंदर चला जाता है। इसमें टीबी उन्मूलन अभियान तथा उसके उद्देश्यों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी स्क्रीनिंग हेल्थ कैंप एवं पिरामल फाऊंडेशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर बीएमओ डॉ सत्येंद्र परस्ते,डॉ चंद्रशेखर धुर्वे, जिला कार्यक्रम समन्वयक आनंद मोहारे ,डॉ. चैन सिंह भवेदी एवं डॉ. शवेता जैन,सहयोगी संस्थाएं पिरामल फाउंडेशन और दीपक फाऊंडेशन की उपस्थिति में किया गया।

## वादा खिलाफी के विरोध में किसान उतरे सड़क पर

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम भानपुर में किसानों द्वारा मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के विरोध में पूर्व सूचना अनुसार बुधवार को मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन कर एक सूत्रीय मांग कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें चुनाव पूर्व सरकार बनने पर धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल एवं गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल किए जाने का वादा किया गया था। परंतु सरकार बनने के बाद भी पुराने दर 2183 रूपए प्रति क्विंटल में ही खरीदी की जा रही हैं। मगर सरकार द्वारा संशोधित दर के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। किसानों का कहना हैं कि उनकी मांग एवं वादा अनुसार समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया जाता तो किसानों की सलाह मशविरा उपरांत पूरे जिले भर में क्षेत्रवार धरना प्रदर्शन करने की मजबूरी होगी। धरना स्थल पर ही उपस्थित आरपी मार्को नायब तहसीलदार वृत्त अमरपुर को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर श्री मार्को द्वारा आश्वासन दिया गया कि ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से शासन को कार्यवाही हेतु भेज दिया जावेगा। तब जाकर किसानों ने हड़ताल समाप्त किया।



## 6 माह पहले पति की हुई मौत, आज तक नहीं मिला शासन से लाभ





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया डोंगरी में जून के महिने में एक आधे अधूरे शासकीय कुएं में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की मौत कुआं में गिरने से हो गई थी लेकिन अब मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके पति के कुंआ में मौत होने के बाद भी आज दिनांक तक कोई फायदा नहीं हुआ है। मृतक की पत्नी गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है जबकि उसके छोटे छोटे बच्चे भी हैं वहीं इस तरह से अचानक पति के मौत होने के बाद से घर चलान की जिम्मेदारी महिला पर आ गई है और वह आर्थिक तंगी के चलते मजदूरी कर रही है। ज्ञात हो कि पडरिया डोंगरी निवासी इंद्रवती के पति शिवकुमार की मौत कुआं में गिरने से जून के महिने में हो गई थी वहीं दूसरी ओर अब तक किसी तरह का लाभ ना मिल पाना जमीनी स्तर पर जरूरत मंद लोगों को लाभ ना मिल पाना सरकार की योजनाओं पर लाभ ना मिल पाना इस परिवार की परेशानियां बढ़ा रही है। इंद्रवती ने शासन प्रशासन और उच्चाधिकारियों से निवेदन करते हुए लाभ दिलाने की मांग की है।

## 19 किलो मीटर में 30 ब्रेकर वाहन चालक परेशान



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर से भानपुर मार्ग जिसकी दूरी महज 19 किलोमीटर हैं। जहां सड़क निर्माता द्वारा 30 बड़े-बड़े ब्रेकर बना दिए गए हैं। जहां किसी प्रकार का संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं। जिससे दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं कुछ ब्रेकर तो अनावश्यक रूप से घाट चढ़ाई में बना दिए गए हैं। जिससे वाहन चालकों और खासकर बड़े भार वाहक वाहनों को ज्यादा ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इन बने ब्रेकर में शुरुआती दौर में कुछ दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। ब्रेकर की वजह से समय एवं वाहन में ईंधन भी अधिक लग रहा हैं। यही स्थिति अमरपुर से डिंडौरी चांदपुर मार्ग की भी हैं जो कि अमरपुर से जिला मुख्यालय पहुंचने सबसे कम दूरी वाला मार्ग हैं फिर भी अनावश्यक ब्रेकर की वजह से इस मार्ग में आवागमन करने में लोग कतराते हैं। जिले के अधिकारियों का अमरपुर आगमन पर कम दूरी के मार्ग के बारे में चर्चा पर उन्होंने अधिक बने हुए ब्रेकर का कारण बताया। जब अधिकारी एक दिन के आवागमन में परेशानी महसूस कर रहे हैं तो हमेशा चलने वालों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आज बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर श्री सरोधन सिंह एवं श्री ओमप्रकाश धुर्वे विधायक शहपुरा की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में चर्चा की। जिसमें उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्व सहायता समूह एवं ग्राम पंचायत के मेट सरपंच, सचिव के माध्यम से संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ तुरंत दिया जाए। जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, मछुवारा कार्ड, खाद्य वितरण संबंधी पर्ची, राशन कार्ड , उज्जवला योजना कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, वृद्वावस्था पेंशन, पीएम बीमा योजना, सुकन्या योजना, आदि शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जाए। उन्होंने योजनाओं का प्रचार प्रसार करने और लाभ देने पर जोर दिया। साथ स्कूलों में छात्र छात्राओं के बीच खेलकूद की गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिए है। निर्माणाधीन कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक के दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अधिकारियों से कहा कि विकसित भारत यात्रा का



सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार करें, राज्य आजीविका मिशन के कर्मचारी और ग्राम पंचायत में तैनात मेटो की मदद से यात्रा में ग्रामीणों को बुलाए। मंच पर वृद्ध जनों को बैठाकर स्वागत करें। हितग्राहियों को पेंशन,प्रधानमंत्री आवास,उज्ज्वला योजना,आयुष्मान कार्ड,का निराकरण तत्काल करे। स्कूलों में छात्र छात्राओं के बीच गतिविधियां करवाई जाए और उन्हें पुरुष्कार में कापी और पेन दिए जाए। खाद्य विभाग राशन पर्ची और राशन का वितरण समय पर करवाए। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह,संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर आर पी तिवारी, एस डी एम शहपुरा निशा नापित,सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला जितेन्द्र चंदेल जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, कृष्ण कुमार मिश्रा, सुशील राय, घनश्याम कछवाहा, वीरेन्द्र साहू, हेम सिंह, लक्ष्मण ठाकुर, अनिल साहू, किशोर मार्को, सुदामा बर्मन, भरत पट्टा, संतोष आदि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शासकीय विभागों में कार्यरत ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रावधानों का लाभ देने दिशा निर्देश जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने शासकीय विभागों में कार्यरत ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रावधानों का लाभ देने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। श्रम पदाधिकारी डिंडोरी ने बताया कि जारी निर्देशानुसार वर्तमान में शासकीय विभागों, उपक्रमों तथा निगम और मंडलों में विभिन्न कार्यों हेतु जैसे सफाईकर्मी (हाउस कीपिंग), कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर चैकीदार, ड्रायवर निर्माण सुरक्षाकर्मी आदि के रूप में ठेका एवं आउटसोर्स पर श्रमिकों/कर्मचारियों को नियोजित किया जाता है परन्तु ऐसे ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि जिन ठेकेदारों और एजेंसियों के माध्यम से इन श्रमिको/कर्मचारियों को नियोजित किया जाता है उस विभाग द्वारा उन ठेकेदारों का पंजीयन लाईसेंस ठेका श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1970 के अंतर्गत प्राप्त करने हेतु प्रावधान का परिपालन नहीं कराया जाता है। इस अधिनियम में पंजीयन लाईसेस प्राप्त करने पर संबंधित ठेकेदार की जानकारी श्रम विभाग को होने से विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों का परिपालन कराया जाना संभव हो जाता है। उक्त संबंध में विभिन्न श्रम अधिनियमों में प्रावधानों का परिपालन संबंधित नियोजक ठेकेदार द्वारा किया जाना आवश्यक है। जिसमें ठेका श्रम (प्रतिशेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1970 अधिनियम के अनुसार 20 या 20 से अधिक ठेका श्रमिकों के नियोजन पर संबंधित विभाग, उपक्रम, निगम, मण्डल को अधिनियम में प्रमुख नियोजक के रूप में पंजीयन एवं ठेकेदार को लाइसेंस श्रम विभाग से लेना अनिवार्य है। पंजीयन, लाइसेंस संबंधी संपूर्ण प्रक्रिया तथा प्रपत्र आदि की जानकारी श्रम विभागीय पोर्टल ीतंउेमूं.उच.हवअ.पद पर दर्शित है। ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिको/कर्मचारियों को ठेका श्रम (प्रतिशेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1970, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन का विनियमन एवं सेवा शा अधिनियम, 1986, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, वेतन भुगतान अधिनियम, 1936, एवं बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 आदि में वर्णित प्रावधानों का लाभ मिलना कानूनी रूप से अनिवार्य है। इन श्रमिको कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, नियत समय पर वेतन का भुगतान, यदि ओवरटाइम कार्य किया गया है तो ओवरटाइम का भुगतान, बोनस राशि का भुगतान पी एफ राशि तथा ई.एस आई सी के अंशदान का भुगतान करते हुये इन योजनाओं का लाभ तथा ग्रेच्युटी साप्ताहिक अवकाश आदि अन्य वैधानिक सुविधायें प्राप्त होना आवश्यक है। वर्तमान में न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948, के अंतर्गत 01 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक मजदूरी की दरे निर्धारित की गई है। निर्धारित दर अनुसार अकुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 378 रूपए एवं मासिक वेतन 9825 रूपए है। इसी प्रकार से अर्धकुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 411 रूपए एवं मासिक वेतन 10682 रूपए, कुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 464 रूपए एवं मासिक वेतन 12060 रूपए और उच्चकुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 514 रूपए एवं मासिक वेतन 13360 रूपए निर्धारित है।

अतः समस्त विभागों एवं शासकीय उपक्रमों, निगमों व मंडलों में आउटसोर्स एवं ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को विभिन्न श्रम कानूनों का लाभ दिलाये जाने हेतु प्रमुख नियोजक के रूप में संबंधित विभाग, उपक्रमों, निगमों व मंडलों या उनके स्थानीय सक्षम अधिकारी द्वारा तत्काल पंजीयन (त्मह‍पेजतंजपवद) प्राप्त करने की कार्यवाही की जाय तथा ठेकेदार/आउटसोर्स एजेंसी को अनुज्ञप्ति (स्पबमदबम) प्राप्त करने के निर्देश जारी करें एवं यह सुनिश्चित करें कि मजदूरों को नियत समय पर पात्रतानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान, बोनस राशि का भुगतान, ओवर टाइम का भुगतान एवं कर्मचारी भविष्य निधि, राज्य बीमा का अंशदान जमा हो व ग्रेच्यूटी एवं अवकाश आदि समस्त सुविधायें नियमानुसार प्राप्त हों। इस आशय से समस्त कार्यालय प्रमुख/विभाग प्रमुख शासकीय उपक्रम जिला डिण्डौरी को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त समस्त प्रावधानों को सही रूप से लागू करने हेतु जिले में श्रम अधिकारी, नोडल अधिकारी के द्वारा सभी विभागों के इस मद के देयकों के परीक्षण उपरांत ही ठेकेदार अथवा आउटसोर्स एजेंसियों के देयकों का भुगतान कोषालय द्वारा किया जाए।

## अमरपुर जनपद कार्यालय में स्वच्छता की कमी

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** शासन द्वारा प्रदेश तो क्या पूरे देशभर में समग्र स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। परंतु जनपद क्षेत्र अमरपुर ऐसा महसूस हो रहा हैं जैसे यह अभियान कागजों तक ही सीमित हैं। कारण कि क्षेत्र में यह योजना जनपद पंचायत से ही संचालित किया जा रहा हैं। मगर कार्यालय का मूत्रालय कक्ष ही इतना गंदा हैं कि बाहर तक बदबू आती हैं। जहां तंबाखू उत्पाद, राजश्री के पाउच, चाय के डिस्पोजल से भरा पड़ा हैं। जब जनपद पंचायत कार्यालय की यह स्थिति हैं तो ग्रामीण क्षेत्र पंचायत स्तर का खुद व खुद अंदाजा लगाया जा सकता हैं। इसी समग्र स्वच्छता के तहत घर-घर शौचालय निर्माण कराया



गया हैं। परंतु अनेक ग्राम में शौचालय कागजों में ही बने हुए हैं। जिसकी शिकायत खुद हितग्राही द्वारा ही किया गया। जिसकी जांच भी की गई और पाया गया की राशि का आहरण तो कर लिया गया हैं। साथ ही कहीं निर्माण अपूर्ण हैं तो कहीं निर्माण ही नहीं किया गया हैं। यह सब प्रमाणित होने के बावजूद भी निर्माण पूर्ण कराया गया और ना ही संबंधितों पर किसी प्रकार की कार्यवाही की गई हैं। अगर इस योजना की सूक्ष्मता से जांच कराई जाए तो एक बड़ा घोटाला उजागर होने की संभावना हैं। वहीं जनपद कार्यालय के कर्मचारी व बाबुओं की टेबल के पास खिड़की दरवाजे खोलने भी मुश्किल हैं, जहां राजश्री व गंदगी से भरा पड़ा हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित

# विभिन्न विषयों पर परिचर्चा का हुआ आयोजन







उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निदेर्शानुसार विकसित भारत 2047 के अंतर्गत जिले के उच्च शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में नवप्रवर्तन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सुशासन एवं सुरक्षा एवं सशक्त भारत विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

इस अवसर पर विषय विषेषज्ञों एवं छात्र-छात्राओं के मध्य विचार विमर्ष हुआ। विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. एस.एन. राव ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि के क्षेत्र में प्राप्त साधनों के सार्थक उपयोग हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

### ज्ञान की खोज से मानव जीवन को बनाये बेहतर

सहा. प्राध्यापक श्रीमती माधुरी पटवा ने नव भारत के निर्माण में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर प्रकाश डालते हुये नये ज्ञान की खोज एवं मानव जीवन को वेहतर सुविधायें प्रदान करने एवं नवप्रवर्तन के द्वारा स्वयं एवं समाज के विकास के साथ विकसित भारत की संकल्पना में योगदान देने हेतु प्रेररित किया। सहा. प्राध्यापक नंदिनी विश्वकर्मा द्वारा नैनो टेक्नालॉजी पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। सहा. प्राध्यापक श्रीमती आराधना दुबे द्वारा सुशासन एवं सुरक्षा को रेखांकित करते हुये सुरक्षा अधिनियम पालन पर जोर दिया। सहा. प्राध्यापक श्रीमती रिंकी सिंह सशक्त भारत में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये।

### सावधानी से संसाधनों का करें उपयोग

कार्यक्रम के दौरान सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन द्वारा समाज के निर्माण में बहुउपयोगी संसाधनों पर विचार व्यक्त करते हुये उनकी उपयोगिता तथा महत्व को रूपांतरित करते हुये सावधानी बरतने की बात कही गई। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री दीक्षा केवट एवं सुश्री खुशबू निशा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में दीपांशु सिलावट, संस्कृति पटवा, साक्षी लोधी, समीक्षा सोनी, संस्कार कश्यप, आदर्श पटेल, देवेन्द्र लोधी, तारेष पटेल, प्रिंस पटेल, अंकित पटेल, आदित्य मिश्रा, आर्या सोनी, मुस्कान बी ने निर्धारित विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर सहा. प्रा. मो. आशिक अली, श्रीमती रश्मि दुबे, अकांक्षा नामदेव, मोनिका रैकवार, राजश्री पटेल, सपना जाटव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

### विकसित भारत 2047 परिचर्चा

स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मनोविज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विकसित भारत 2047 के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया द्वारा सशक्त भारतीय विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.अमित ताम्रकार , प्रो. वंदना जैन , प्रो. सुधा शाक्य डॉ. जीएस मर्सकोले ने व्याख्यान प्रस्तुत किया । साथ ही विद्यार्थियों से सुझाव प्राप्त किया जिसमें शिखा वर्मा द्वारा 2047 में स्वच्छ भारत रहे पूर्ण विकसित होने हेतु इस कार्य रूप में प्रतिपादन करना चाहिए । उक्त अवसर पर छात्र- छात्राओं द्वारा अपने विचारे रखे ।

### 5391 लोगों ने दी अपनी सहभागिता

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र की 6 जनपद पंचायतों की 14 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले में 5391 लोगों ने अपनी सहभागिता दी। इस दौरान 3543 ग्रामीण महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान 85 लोगों ने मेरी कहानी- मेरी जुबानी के बताकर अन्य पात्र हितग्राहियों को भी प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने 6009 ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प दिलाया। कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर भी लगाये गये। इन शिविरों के माध्यम से 885 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई, जिसमें 1006 लोगों ने टीबी और 18 लोगों ने सिकल सेल की जांच कराई। आयुष्मान भारत योजना के तहत 27 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्राकृतिक खेती करने वाले 55 किसानों ने अपने अनुभव साझा किये। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 12 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के तहत 68 हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन कराया गया।

## खबर संक्षेप

### राज्य सिविल सेवा परीक्षा में राहुल का हुआ चयन



नरसिंहपुर । मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा गत दिवस राज्य सिविल सेवा परीक्षा 2019 का परिणाम घोषित किया गया जिसमें राहुल कौरव का मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद पर चयन हुआ राहुल वर्तमान में वन विभाग में वनरक्षक के पद पर कार्यरत है राहुल की स्कूल की पढ़ाई डॉ के एल पपनेजा करेली व कॉलेज की पढ़ाई आदर्श विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर से की है राहुल शुरू से ही होनहार छात्र रहा है राहुल ने अपनी इस सफलता के पीछे अपने नानाजी स्वर्गीय सोमराज सिंह पटेल को श्रेय दिया है राहुल करेली में निवासरत है की इस उपलब्धि पर सभी परिवारजन, शिक्षकगण मित्र, वनविभाग परिवार ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं प्रेषित की ।

### मोनिका पटैल वाणिज्य कर अधिकारी बनी



नरसिंहपुर । नगर की प्रतिभावान मोनिका पटैल ने प्रथम प्रयास में ही मध्य प्रदेश राज्य सेवा आयोग की वर्ष 2019 में आयोजित परीक्षा में स्थान प्राप्त कर वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर सफलता हासिल की है। मोनिका पटैल की प्रारंभिक शिक्षा नरसिंहपुर के चांवरा विद्यापीठ में हुई वहीं इंजीनियरिंग की शिक्षा मेडिकेप इंजीनियरिंग कॉलेज इंदौर में हुई। मोनिका पटैल कंपाउंडर उदयराम पटैल एवं माया पटैल की पुत्री हैं। इनकी इस सफलता पर मित्रो, शुभचिंतको ने बधाई प्ेरेषित की है।

### भटा अब भटे के भाव नहीं रहा

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों मौसम की मार के चलते हरी मौसमी सब्जियों के भाव सातवें आसमान पर जा पहुंचे हैं।हर साल हरी मेंथी पालक गोभी और भटा काफी किफायती दामों में मिल जाया करते थे लेकिन इस बार मेथी पालक 40रुपये किलो गोभी 60रुपये और भटा 80रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहे हैं।ठंड में भटा का भर्ता और बाटियों का जो स्वाद आनंद उठाते थे अब आम आदमी की पहुंच से बाहर है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कल

**तेंदूखेड़ा।** कल 29दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र तेन्दूखेड़ा के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, विभिन्न प्रकोष्ठों, एन एस यू आइ युवक कांग्रेस , महिला कांग्रेस व सेवादल के पदाधिकारियों, जिला पंचायत,जनपद पंचायत के सदस्यों, पार्षदों तथा बी.एल.ए. गणों की दोपहर दो बजे से पूर्व विधायक माननीय संजय शर्मा के राजमार्ग स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित की गई है जिसमें समस्त कांग्रेसजनों से बैठक में आवश्यक रूप से शामिल होने की अपील की गई है।

### नगर गौरव दिवस आज

**तेंदूखेड़ा।** आज 28 दिसंबर तेंदूखेड़ा नगर गौरव दिवस है। सुबह से दोपहर 02 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार प्रातः काल संगीतमय रामधुन, सुबह आठ बजे से 10 बजे तक स्वच्छता अभियान एवं वृक्ष सेवा, दोपहर 12 बजे से रंगोली प्रतियोगिता तथा दोपहर 02 बजे से स्वतंत्रता सेनानी सद्भावना रैली के साथ स्वतंत्रता सेनानी स्व, भागचंद जैन चैक पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

### मेला समिति की बैठक कल

**तेंदूखेड़ा।** प्रति वर्ष अनुसार मकर संक्रांति 14जनवरी से लगने वाले भगवान ब्रम्हा की तपस्थली पुण्य सलिला मां नर्मदा के किनारे ब्रम्हांड घाट में मेले की तैयारियों को लेकर कल बैठक आयोजित की गई है।

### लव पटेल का निधन



**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** करेली बस्ती निवासी प्रकाश पटैल के बालक लव पटैल का दुःखद निधन हो गया है लव विजय पटैल भोले महेंद्र रुद्द (विक्रम) के भतीजे थे अंतिम संस्कार निज निवास के बाजू में बाड़े में किया गया ।

## मणिनागेंद्र सिंह (मोनू) पटेल की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

# जन्म जयंती दिवस आज, होंगे विविध कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

गोटेगांव के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में अंतर्राज्यीय लेदर बाल क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन जारी है। मणिनागेंद्र सिंह (मोनू) पटेल की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के छठवें दिवस पर आयोजित सेमीफाइनल के दूसरे मैच में उपस्थित अतिथियों युवा तरुणायी मणिनागेंद्र सिंह पटेल के तेल चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू राजपूत (ठेकेदार), मुकेश पटेल (टिकरी), पंकज चौकसे, शक्ति सिंह राजपूत, संदीप राजपूत आदि ने क्रिकेट प्रेमी दर्शकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए दोनों टीम को शुभकामनाएं दी। दिनांक 27 दिसंबर को प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच भिलाई (छत्तीसगढ़) और एस.के.एम.जी. नरसिंहपुर के बीच खेला गया। इस दूसरे सेमीफाइनल मैच में एस.के.एम.जी. नरसिंहपुर को हराकर भिलाई (छत्तीसगढ़) ने स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच भिलाई एवं जबलपुर के बीच आज खेला जाएगा जिसमें विजेता टीम को 100000 एवं उपविजेता टीम को 50000 का पुरस्कार आयोजन समिति द्वारा दिया जाएगा। उक्त मौके पर राजेंद्र सिंह राजपूत, लक्ष्मण पटेल, आनंद सोनी, राजेंद्र राय (गिट्ठल भैया), मनीष खजांची ,पंडित जितेंद्र चौबे, सतीश पटेल (जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि), विनोद पटेल, दीपक सोनी, श्याम नायक, सचिन पाठक ,संदीप विश्वकर्मा, योगेंद्र पटेल,विशाल सिंह पटेल, दादूराम पटेल ,मुकेश चौकसे, राजेश राजपूत, दादूराम पटैल, बाबा राठौर, राजाराम कस्तवार, नारायण गुप्ता सतीश अग्रवाल, राजा ठाकुर मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल ने बताया कि आज दिनांक 28 दिसंबर दिन गुरुवार को मणिनागेंद्र सिंह पटेल के जन्म जयंती दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। प्रातः कालीन सत्र में श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर प्रांगण में पूजन के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसी क्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में यूनिटी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्रारंभ होगा। मैच की समाप्ति पर ताइक्वांडो एवं कराटे खेल के प्रतियोगियों द्वारा कला का प्रदर्शन किया जाएगा साथ ही शैक्षणिक उपलब्धि वाले बच्चों को फाउंडेशन द्वारा पुरुस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फगन सिंह कुलस्ते ,पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ,पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर, जनपद अध्यक्ष गोटेगांव श्रीमती आरती सतीश पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे, श्रीमती जानकीबाई दादूराम पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र पटेल, करेली जनपद अध्यक्ष सुश्री प्रतिज्ञा परिहार, नरसिंहपुर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, करेली नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, नगर पालिका उपाध्यक्ष अजीत जाट, बंटू साहू उपस्थित रहेंगे।

# रात में बंद रहती है हाइवे की बिजली

**तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर एन एच आई द्वारा रहवासी क्षेत्र में जो विद्युत पोल खड़े किए हैं वह केवल शोभा की सुपारी बनकर ही रह गए हैं। अक्सर कर रात्रि के समय हरसिद्धि मंदिर पहुंच मार्ग से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक बिजली बंद पड़ी रहती है।इस विषय को लेकर अनेकों बार लोगों ने शिकायत दर्ज कराई लेकिन आज तक सुधार नहीं हो सका है। अस्पताल जाने वाले मरीजों को अंधेरे में जाने आने में परेशानी हुआ करती है। मुख्य सड़क मार्ग पर मवेशियों के झुंड बैठने और अंधेरे में बाहन चालक टकराकर गिरने दुर्घटनाओं में पीड़ति वर्ग की असमय मृत्यु के बाद भी सुधार की दिशा में कोई उचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार मुख्य सड़क मार्ग पर ही व्यवसायिक क्षेत्र की संस्था संचालित हुआ करती है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रकाश व्यवस्था जरुरी है।

# पुलिस चेकिंग के दौरान भाग रहे ट्रक ने राहगीर को रौंदा, गुस्साई भीड़ ने एएसआइ को पीटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में आए दिन हादसे हो रहे हैं। थाना क्षेत्र मुंगवानी अंतर्गत बुधवार शाम हादसे मे एक व्यक्ति की मौत हो गई । जहां पुलिस भारी वाहनों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान तेज गति से भाग रहे ट्रक ने पैदल जा रहे ग्रामीण को कुचल दिया। इस हादसे में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक आगे जाकर भाग गया। हादसे के मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। पीछे ही जांच कर रहे एएसआइ जब मौके पर पहुंचे तो गुस्साई भीड़ ने पुलिसकर्मी पर ही हमला कर दिया। भीड़ में से एक महिला ने डंडे से 62 वर्षीय एएसआई भगवानदास वाडिवा के सिर पर वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घाल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल नरसिंहपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यह घटना शाम साड़े चार बजे की है। हादसे के बाद मुंगवानी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के ट्रक क्रमांक यूपी 94 टी 7073 को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। वहीं घटना में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और भीड़ द्वारा किए गए हमले के बाद पुलिस अब महिला सहित भीड़ पर बलवा का प्रकरण दर्ज कर रही है। वहीं हमला करने वालों की पहचान की जा रही है।

**मुंगवानी डिपो के पास चल रही थी चैकिं ग-** जानकारी के अनुसार मुंगवानी थाना की पुलिस पांजरा डिपो के पास भारी वाहनों की दैनिक जांच कर रही थी। इसी दौरान जांच स्थल से करीब 250 मीटर दूर हाईवे के एलवाय पाइंट पर ग्रेनाइड से भरा ट्रक तेज गति से भाग रहा था जो कि पैदल जा रहे मुंगवानी निवासी दुर्गा प्रसाद राय पिता गंभीर राय उम्र 57 वर्ष को कुचलते हुए भाग निकला। पुलिस और आसपास के लोगों ने जब घटना को देखा तो वाहन जांच में लगे एएसआइ भगवानदास वाडिवा व अन्य पुलिस कर्मचारी भी घटनास्थल की ओर पहुंचे और ट्रक को पकड़ने दौड़े। यहां मौजूद भीड़ अचानक भड़क गई गई। भीड़ में शामिल एक महिला ने एएसआई के सिर पर लाठी से जोरदार हमला कर दिया। भीड़ के रुख को देख वहां मौजूद तीन-चार अन्य पुलिसकर्मी ने जैसे-तैसे खुद को बचाया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया।

**आमानाला के पास पकड़ा गया ट्रक-** पुलिस के अनुसार ग्रामीण मोबाइल में बात करते हुए डिवाइडर से कूदकर जा रहा था जहां ट्रक ने उसे कुचल दिया। ग्रामीण को कुचलकर घटना कर ट्रक मौके से तो भाग निकला था लेकिन मुंगवानी थाने की पुलिस ने ट्रक का पीछा करते हुए उसे आमानाला-नरसिंहपुर के बीच पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने पुलिस द्वारा पीछा किए जाने को देखते हुए ट्रक रोका और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा चेकिंग के डर से वाहन चालक आए दिन सड़क पर बचते हुए भागते हैं ।

